वैशाख कृष्ण पक्ष-9, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 316 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

02 मई 2024 गुरुवार

**आज का मौसम**

38 अधिकतम

24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## जजों को तो शनिवार, रविवार को भी छुट्टी नहीं...सुप्रीम कोर्ट की ये बात किसके लिए


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती है। दरअसल एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जो लोग यह समझते हैं कि जजों को लंबी छुट्टी मिलती है और इस बात की आलोचना करते हैं, वे नहीं जानते कि जजों को शनिवार और रविवार को भी काम करना पड़ता है।



यह बात अदालत ने पश्चिम बंगाल से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान कही गई। सुनवाई के दौरान छुट्टी का मसला उठा। सॉलिसिटर जनरल ने पहले यह बात कही तब जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने भी कहा कि जो लोग यह आलोचना करते हैं कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों को लंबी छुट्टी मिलती है उन्हें शायद नहीं मालूम कि जज शनिवार और रविवार को भी काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि जज रोजाना 50 से 60 मामलों की सुनवाई करते हैं और छुट्टियों में भी फैसला लिखते हैं।

## कांग्रेस उम्मीद-वार की कोशिशें जारी, अब हाइकोर्ट पहुंचे

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव में इंदौर सीट से अपने प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद कांग्रेस फिर हाई कोर्ट पहुंची है। इसमें कांग्रेस ने सिंगल बैंच के निर्णय को चुनौती दी है। पार्टी के वैकल्पिक प्रत्याशी मोती सिंह पटेल के मामले में हाई कोर्ट की युगलपीठ शुक्रवार को सुनवाई करेगी। मोती सिंह ने हाई कोर्ट में रिट अपील दायर करते हुए युगलपीठ के समक्ष एकलपीठ के निर्णय को चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि इंदौर हाईकोर्ट ने कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार मोतीसिंह पटेल की याचिका खारिज कर दी थी। अब इस मामले में 3 मई को सुनवाई की जाएगी। इसमें अपीलकर्ता पटेल के साथ ही चुनाव आयोग का पक्ष भी सुना जाएगा। कांग्रेस के फॉर्म बी में अक्षय कांति बम के साथ वैकल्पिक उम्मीदवार के रूप में मोतीसिंह पटेल का नाम दिया गया था। जांच के दौरान पटेल का नामांकन खारिज हो गया।



### लोकसभा चुनावः सागर सीट पर नड्डा और मुरैना में प्रियंका गांधी की सभाएं

# सीएम ने डुबकी लगाकर दिया चुनावी संदेश समीकरण सहेजने कांग्रेस का मिशन मुरैना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण का काउंटडउन शुरू हो गया है। अब दलों के पास प्रचार के लिये तीन दिन बाकी हैं। आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सागर सीट के सिरोंज में प्रचार के लिये पहुंच रहे हैं तो कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी दोपहर दो बजे मुरैना में सभा को संबोधित करने पहुंच रही हैं। मुरैना में कांग्रेस नेता व ओबीसी चेहरा रामनिवास रावत के कल भाजपा में शामिल हो जाने के बाद कांग्रेस की रणनीति व प्रियंका के भाषण पर कांग्रेस की नजर व आस है। सभा में अजय सिंह,अरूण यादव,जीतू पटवारी आदि नेता मौजूद हैं। पार्टी रावत के जाने के बाद ओबबीसी समेत अन्य सभी समीकरणों को सहेजने की जुगत में है। इधर भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन टोली आज तीसरे चरण के मतदान आदि की रणनीतियों पर मंथन करने बैठी है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा जरूरी मार्गदर्शन दे रहे है। उधर भाजपा को जानें अभियान के तहत 6 देशों के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मप्र के तीन दिनी दौरे पर हैं और आज इस दल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय और मीडिया सेंटर का भ्रमण करके पाटी की चुनावी तैयारियों व शैली के संबंध में जानकारी ली है। विदेशी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से मुलाकात भी करेंगे।



## कांग्रेस को जवाब देने नदी में तैरे भी...



*मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सुबह उज्जैन में शिप्रा नदी में डुबकी लगाई। चुनावी व्यस्तता के बीच इस डुबकी के चुनावी संदेश हैं। इसके जरिये सीएम ने शिप्रा में गंदगी का मसला उठाने वालों को संदेश भी दिया। दरअसल बीते दिनों कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेश परमार शिप्रा में गंदगी का आरोप लगाया था। वे नदी में भी उतरे थे और पानी का आचमन भी किया था। इससे मोक्षदायिनी शिप्रा नदी शुद्धिकरण का मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी गरमाया गया था। फिर रामघाट पर पानी की पाइप लाइन फूटने और सीवेज चैंबर ओवरफ्लो होने से गंदा पानी शिप्रा नदी में मिल गया था। इसीलिये कांग्रेस प्रत्याशी ने नदी में डुबकी लगाकर भाजपा को घेरा था। अब मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन पहुंचकर क्षिप्रा में और डुबकी लगाई।*

*मुख्यमंत्री आज उज्जैन, मंदसौर, देवास, राजगढ़ व सागर के सिरोंज में सभा कर रहे हैं। वहीं वीडी शर्मा विष्णुदत्त शर्मा सिरोंज, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भिण्ड, गुना, विदिशा, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह सिरोंज, संगठन महामंत्री हितानंद भिण्ड, में हैं।*

## मोदी ने किया जिक्र, चुनाव में पाकिस्तान की एंट्री!

लोकसभा चुनाव में मुद्दे रोज बदल रहे हैं और नया आकार ले रहे हैं। इसी कड़ी में अब पाकिस्तान की एंट्री हो गई है। इमरान खान सरकार में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए वीडियो शेयर किया तो भाजपा ने इसे मुद्दा बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के आणंद में रैली में आज कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस के बीच पार्टनरशिप है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। मोदी ने कहा- देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। मोदी ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस जवाब दे कि 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान क्यों लागू नहीं होता था।



## मोदी पर भड़के पवार बोले-पीएम के भाषण तथ्यों-वास्तविकताओं से दूर

**मुबंई ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि मोदी के भाषण तथ्यों और वास्तविकता पर आधारित नहीं होते हैं। वे कभी बुनियादी मुद्दों पर भी बात नहीं करते हैं तथा केवल जनता का ध्यान भटकाते हैं। पवार ने कहा, 'मैंने पहले कभी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा, जिनका भाषण तथ्यों और वास्तविकता पर आधारित न हो। वह मुझ पर और उद्धव ठाकरे पर निशाना साधकर ही खुश हैं।' महाराष्ट्र में पांच चरणों में लोकसभा चुनाव भी इसलिए किया गया, जिससे पीएम मोदी यहां ज्यादा से ज्यादा प्रचार कर सकें। पवार यह भी बोले कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर धर्म के आधार पर आरक्षण की बात करके मोदी समाज में तनाव पैदा करने का प्रयास करते है।



## स्कूलों को बम की धमकी में डार्क वेब का उपयोग, पुलिस बेसुराग





**नई दिल्ली , एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के बीच देश की राजधानी दिल्ली के 150 से ज्यादा स्कूलों को बम धमाकों से उड़ाने की धमकी का सवाल 24 घंटे बाद भी हवा में तैर रहा है। पुलिस और तमाम सुरक्षा एजेंसियां भले ही इसे फर्जी धमकी बता रही हैं, लेकिन बड़े सवालों के जवाब अब तक नहीं मिल सके हैं। हालांकि, एजेंसियों ने कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए हैं इनका कहना है कि ईमेल के जरिए धमकी भेजने के लिए डार्क वेब का इस्तेमाल किया गया है। एनक्रिप्टेड कंटेंट और ISIS का मॉड्यूल भी निकलकर आ रहा है। आतंकी एंगल से भी जांच की जा रही है.

दरअसल, कल सुबह 5 से 6 बजे के बीच दिल्ली-एनसीआर के 150 से ज्यादा स्कूलों में एक ई-मेल आया, जिसमें लिखा था कि इन स्कूलों में भारी मात्रा में विस्फोटक मौजूद है और ये सारे स्कूल बम धमाकों में जलकर राख हो जाएंगे। तब तक स्कूलों में तो बच्चे पहुंचना शुरू हो गए थे। इन 150 से ज्यादा स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या भी लाखों में है। धमकी के बाद इन स्कूलों को सील कर दिया गया।

## चंद्रमा पर आठ गुना ज्यादा पानी, नई स्टडी में खुलासा

**नई दिल्ली ।** चंद्रमा पर उम्मीद से ज्यादा बर्फ मौजूद है लेकिन ये सतह के नीचे हैं। इसे खोदकर निकाला जा सकता है तथा उसका इस्तेमाल चांद पर कॉलोनी बनाने के लिए भी हो सकता है। यह खुलासा इसरो ने किया है। इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, आईआईटी कानपुर, यूनिवर्सिटी ऑफ साउदर्न कैलिफोर्निया, जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी और आईआईटी-आईएसएम धनबाद के वैज्ञानिकों ने मिलकर यह स्टडी की है। स्टडी में खुलासा हुआ है कि चांद की जमीन यानी सतह से करीब दो-चार मीटर नीचे उम्मीद से ज्यादा बर्फ है। पहले की गणना से पांच से आठ गुना ज्यादा बर्फ का ये खजाना चंद्रमा के दोनों ध्रुवों पर है। इसलिए जमीन में ड्रिलिंग करके बर्फ को निकाला जा सकता है। ताकि भविष्य में लंबे समय के लिए इंसान चंद्रमा पर रह सके। इससे दुनिया की कई स्पेस एजेंसियों को फायदा होगा। इसरो के मुताबिक चंद्रमा के उत्तरी ध्रुव पर दक्षिणी ध्रुव की तुलना में दोगुना ज्यादा बर्फ है। ध्रुवों पर ये बर्फ कहां से आई, इस सवाल के जवाब में इसरो ने कहा है कि यह इंब्रियन काल का मामला है तब चंद्रमा बन रहा था वॉल्कैनिज्म यानी ज्वालामुखीय गतिविधियों से निकली गैस लाखों सालों में धीरे-धीरे सतह के नीचे बर्फ के रूप में जमा होती चली गई।



## अबूझमाड़ का मिथक टूटा,8सौ पुलिसकर्मी जंगल में घुसे



**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर जिलों में सुरक्षाबलों ने एक विशेष ऑपरेशन में कई नक्सलियों को 800 पुलिसकर्मियों की एक संयुक्त टीम ने घने जंगलों में 60 किलोमीटर तक पैदल अंदर घुसकर ढेर किया है। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन ने इस मिथक को तोड़ दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि अबूझमाड़ नक्सलियों का गढ़ है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि ऑपरेशन माड़ बचाओ अभियान (ऑपरेशन सेव अबूझमाड़) को रात में शुरू किया गया था। दरअसल महाराष्ट्र से सटी सीमा पर कुछ नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी. इस इनपुट के बाद ही इस माड़ बचाओ अभियान को शुरू किया गया था।

## महिला आयोग की 223 कर्मचारियों की राज्यपाल ने की छुट्टी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली महिला आयोग के कर्मचारियों पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ी कार्रवाई की है। उपराज्यपाल कस आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निकाल दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी।उपराज्यपाल के आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला दिया गया है। जिसमें बताया गया है कि आयोग में सिर्फ 40 पद ही स्वीकृत हैं। डीसीडब्ल्यू के पास ठेके पर कर्मचारी रखने का अधिकार नहीं है।



दिल्ली महिला आयोग डिपार्टमेंट के एडिशनल डायरेक्टर की तरफ से जारी इस आदेश में ये भी कहा गया है कि नई नियुक्तियों से पहले जरूरी पदों का कोई मूल्यांकन नहीं हुआ था और न ही अतिरिक्त वित्तीय बोझ की अनुमति ली गई थी।

## ब्राजील में तूफान से मरने वालों की संख्या दस हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील में तूफान से मरने वालों की सं या बुधवार को बढ़कर 10 हो गई, जबकि 21 अन्य अभी भी लापता हैं। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी है। गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने घोषणा की कि बाढ़ और भूस्खलन के कारण रियो ग्रांडे डो सुल राज्य को गुरुवार के लिए कक्षाएं निलंबित करनी पड़ीं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डी सिल्वा क्षति का आकलन करने और संघीय धन प्रदान करने के लिए राज्य का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि जलमग्न घरों में फंसे लोगों को बचाने के लिए मदद की जरूरत है।



**मेट्रो एंकर**

### कोरोना टीकों को लेकर घबराहट के बीच वैज्ञानिकों व डॉक्टर बोले-टीकों ने ही करोड़ों लोगों को बीमारियों से बचाया है

# परीक्षण में सीमित दुष्प्रभावों का पता था, तीन साल बाद कोई खतरा नहीं

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

एस्ट्राजेनेका के बयान के बाद कोरोना टीका को लेकर लोगों में घबराहट के बीच देश के कई वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने टीके के दुष्प्रभावों के प्रति निश्चिंत रहने की बात कही है। इन्होंने कहा है कि टीकों की बदौलत बीते 200 साल में करोड़ों बच्चे और वयस्क बीमारियों से बचे हैं। भारत में हर साल नवजात शिशु और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण होता है, जिसका कवरेज साल 2023 में 81 फीसदी पहुंचा। भारत में कोरोना का टीकाकरण पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा 220 करोड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पूर्व संक्रामक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रमन आर गंगाखेडकर का कहना है कि जिन्होंने कोरोना का टीका लिया है उन्हें किसी भी तरह का जोखिम नहीं है। सभी टीकों पर वैज्ञानिक परीक्षण हुए हैं। अगर किसी को टीके का दुष्प्रभाव होता है तो उसका जोखिम सबसे ज्यादा पहली खुराक के दौरान होता है। दूसरी या तीसरी खुराक में यह जोखिम बहुत कम होता है, क्योंकि तब तक शरीर को उस वायरस की आदत लग चुकी होती है। परीक्षण के दौरान ही टीके के सीमित दुष्प्रभावों के बारे में पता था। अब तीन साल बाद लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

डा समीरन पांडे ने कहा है कि यदि इस पर भरोसा करें कि कोरोना का टीका लगने की वजह से देश में हार्टअटैक बढ़ गया है तो लोगों को यह भी समझना चाहिए कि हार्टअटैक कोई नया नहीं है। कोरोना हमारे यहां 2020 में आया है, लेकिन हार्टअटैक के मामले सालों से है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) का आंकड़ा है कि 2019 में 28 हजार लोगों की हार्टअटैक से मौत हुई। यह आंकड़ा 2020 में 28,680 और 2021 में 28,449 रहा।



## जिन्हें कोविशील्ड टीका लगा, वे चिंतित न हों

*डॉ. चंद्रकांत लहरिया का कहना है कि जिन लोगों ने कोविशील्ड की दो या फिर तीन खुराक ली हैं उन्हें चिंतित होने की जरूरत नहीं है। लोगों को लग रहा है कि कोरोना टीका की वजह से भारत में दिल के दौरे की घटनाएं बढ़ी हैं, जबकि वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर कहें तो ऐसी आशंका बहुत कम है। भारत में स्वतंत्र वैज्ञानिक अध्ययन में टीका और दिल के दौरे के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया है। टीका से जुड़े कोई भी दुष्प्रभाव कुछ मिनट या दिन में पता चल जाते हैं। देश में अभी कोरोना काबू में है और टीकाकरण नहीं हो रहा है।*

## रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी संगठन चुनाव



रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी संगठन के चुनाव में महेन्द्र जीत सिंह (महेन्द्र भैय्या) निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। इस अवसर पर समस्त सेवानिवृत आरक्षण कर्मचारियों द्वारा उन्हें बधाईयां दी गई ।

# मैक्स अब तीन महीने के लिए विवान का

### वन विहार के भालू को स्कूली छात्र ने 'गोद' लिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य-प्राणी अंगीकरण योजना के तहत बालक मास्टर विवान जोशी (इंदौर) ने पर्यावरण तथा वन्य-प्राणियों के संरक्षण के प्रति प्रेम की ओर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए नर भालू 'मैक्स' को एक मई, 2024 से तीन माह के लिये गोद लिया है। उल्लेखनीय है कि विवान जोशी चौइथराम इंटरनेशनल स्कूल इंदौर के कक्षा नौवीं के छात्र हैं, खास बात यह है कि वन विहार में पहली बार भालू को गोद लिया गया है।

विवान ने वन विहार के संचालक अवधेश मीना को अंगीकरण के लिये आवश्यक राशि 25 हजार रुपये चैक के माध्यम से प्रदान की। वन विहार की संचालक द्वारा विवान जोशी को नर भालू 'मैक्स' के अंगीकरण बावत प्रमाण-पत्र प्रदाय किया गया।इस योजना में आज तक 95 वन्य-प्राणियों को गोद लिया जा चुका है, जिससे वन विहार को आज 78 लाख 72 हजार 180 रुपये की आय हो चुकी है। ज्ञात हो कि वन्य-प्राणियों को गोद लेने की यह योजना जन-जन में वन्य-प्राणियों के संरक्षण के प्रति सद्भावना के लिये प्रारंभ की गई है। इसमें व्यक्तिगत, संस्था, कॉर्पोरेट सेक्टर, म.प्र. शासन के उपक्रम, पब्लिक सेक्टर आदि समुदाय के विभिन्न वर्गों की भागीदारी योजना को सही आयाम प्रदान करती है। कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था वन विहार की सूची में दर्शित किसी भी वन्य-प्राणी को मासिक, त्रैमासिक, अर्द्ध-वार्षिक एवं वार्षिक आधार पर गोद ले सकता है। इसके लिये उन्हें इसके लिये नियत राशि 'म.प्र. टाइगर फाउण्डेशन सोसायटी' के नाम भोपाल में देय चैक अथवा बैंक ड्रॉफ्ट के माध्यम से जमा कर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना होता है।



### आरपीएफ ने बड़ी मात्रा में अवैध तस्करी पकड़ी, कई बदमाशों को भी पकड़ा

# ट्रेनों का उपयोग शराब, हथियार डोडा चूरा और सोना तस्करी के लिए कर रहे बदमाश

**भोपाल। ट्रेनों का उपयोग शराब, हथियार, डोडा चूरा और सोने की अवैध तस्करी में किया जा रहा है। हाल के तीन महीने में की गई जप्तियों की कार्रवाई में यह खुलासा हुआ है। कार्रवाई आरपीएफ ने की है। जिसमें कई बदमाशों को पकड़ा गया। आम यात्रियों के साथ इस तरह की अवैध गतिविधियां कभी भी जान पर बन सकती है। रेलवे का दावा है कि वह ट्रेनों में पूरी तरह मुस्तैद है लेकिन वहीं रेलवे के आरपीएफ द्वारा की जा रही जप्तियां व कार्रवाई बताती है कि सबकुछ ठीक नहीं है।**

## आरपीएफ ने अप्रैल 2024 तक पिछले 3 महीने में ये कार्रवाई की

♦ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत आरपीएफ स्टाफ द्वारा 08 यात्रियों / व्यक्तियों की जान बचाई गई।

♦ऑपरेशन नारकोस के तहत 11 मामलों में 17 व्यक्तियों को पकड़ा गया जिनके पास से 120.185 किलोग्राम डोडा चूरा कीमत रूपये 6,96,000 /- एवं 205.489 किलोग्राम गांजा कीमत रूपये 17,41,400/- बरामदगी करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधित जीआरपी / सिटी पुलिस को सुपुर्द किया गया।

♦ऑपरेशन सतर्क के तहत निम्न मामलों में कार्यवाही कर संबंधित जीआरपी को सुपुर्द किया गया :-

- आर्म्स एक्ट के 14 मामलों में 14 व्यक्तियों को पकड़कर संबंधित जीआरपी को सुपुर्द किया गया।

♦मामलें में 1,19,58,000/- रुपये नगद कैश के साथ 04 व्यक्ति को पकड़कर आयकर विभाग को सूचित करने के उपरांत संबंधित जीआरपी को सुपुर्द किया गया।



♦व्यक्ति को सोने के आभूषणों कीमत 20,65,764 /- रुपये के साथ पकड़कर कस्टम विभाग को सूचित करने के उपरांत संबंधित जीआरपी को सुपुर्द किया गया।

♦मामलें में 02 व्यक्तियों को चांदी के आभूषणों कीमत 11,58,926 /- रुपये के साथ पकड़कर कस्टम विभाग को सूचित करने के उपरांत संबंधित जीआरपी को सुपुर्द किया गया।

- 18 मामलों में 392.75 लीटर शराब कीमत 6,84,163 /- रूपये की शराब के साथ पकड़े गए।

- 19 व्यक्तियों को आबकारी विभाग को सूचित करने के उपरांत संबंधित जीआरपी को सुपुर्द किया गया।

♦ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत यात्रियों की सामान चोरी के 68 आरोपियों को पकड़कर 38,45,977/- रूपए की संपत्ति की बरामदगी करते हुए संबंधित जीआरपी को सुपुर्द किया गया जिससे 68 प्रकरणों को हल किया गया।

♦अपने परिजनों से बिछड़े कुल 111 नाबालिग बच्चों (लड़का- 62 एवं लड़की-49) को चाइल्ड लाइन या उनके माता-पिता को सुपुर्द किया गया।

♦आरपीएफ द्वारा 23 व्यक्तियों (बुजुर्ग नागरिका, महिलाओं, शारीरिक रूप से अक्षम और बीमार / पागल) को यात्रा के दौरान सहायता / सुविधाएं प्रदान (यानी व्हील चेयर, स्ट्रेचर, चिकित्सा सहायता, एम्बुलेंस, दवा और शिशु भोजन आदि) की गई है।

### आरजीपीवी वित्तीय घोटाला मामला

# आंतरिक कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर तीन कर्मियों को किया निलंबित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### अकाउंट्स व रिकार्ड में मिली थी गड़बड़ियां, कार्य में अनियमितता और बैंक खातों सहित अन्य जानकारी नहीं हुई उपलब्ध

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए करो?ों के वित्तीय घोटाले के मामले में कार्यवाही जारी है। मामले में अब प्रबंधन ने विवि की आंतरिक कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर तीन कर्मियों के खिलाफ निलंबन कार्रवाई की है। विवि के लेखा विभाग में कार्यरत संजय कद्रे, दीपक साहू और गजेंद्र श्रीवास्तव के खिलाफ निलंबित किया गया है। विवि के अकाउंट्स व रिकार्ड में पाई गई ग?बि?यों, कार्य में अनियमितता और बैंक खातों व अन्य नस्तियों की डिटेल्स उपलब्ध ना होने का कारण इनकी लापरवाही को माना गया है। हालांकि लेखा विभाग में इन तीन कर्मियों आठ स्थाई और दो आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत है। इनके अलावा तीन प्यून भी हैं, जिन्हें दूसरे विभाग में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं कुछ दिन पहले रिटायर हुए लेखा विभाग के माहेश्वरी को अभी रिलीव नहीं किया है। विवि ने इन सभी को शोकाज नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा था। जिसके बाद तीन पर कार्रवाई की गई है।



### शोकाज नोटिस देकर मांगा था जवाब

तकनीकी शिक्षा विभाग ने सवा महीने पूर्व ही इस विभाग में कार्यरत सभी लोगों को निलंबित करने का आदेश विवि प्रबंधन को दिया था। जिसके बाद विवि ने प्रक्रिया का पालन करते हुए अकाउंट के सभी कर्मियों को शोकाज नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा था। साथ ही एक कमेटी भी बनाई थी।

### स्पोर्ट्स टीचर दे रहे खेलों को प्रशिक्षण

# मिठी गोबिंदराम स्कूल में फ्री समर स्पोर्ट्स कैम्प



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम स्कूल में 'समर स्पोर्ट्स कैम्प' का आयोजन किया जा रहा है, जो माह चलेगा। स्कूल के स्पोर्ट्स ग्राउंड्स पर बास्केट बॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बेडमिंटन, स्केटिंग एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण विद्यालय के स्पोर्टस टीचर्स द्वारा दिया जा रहा है।

संस्था के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में कहा कि युवावस्था में इस तरह के खेल प्रशिक्षण की बड़ी आवश्यकता है, जिससे वे शारीरिक रूप से बलिष्ठ और स्वस्थ बनें ताकि उन्हें भविष्य में अपने जीवन में जिस भी क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो तो वे अपना कार्य पूरी ताकत से और मन लगाकर कर सकें। वे शारीरिक रूप से स्वस्थ और बलिष्ठ होंगे तो देश की रक्षा के कार्यों में भी आगे रहेंगे। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। विद्यार्थी स्वस्थ होंगे तो पढ़ाई भी अच्छे से कर सकेंगे। विद्यार्थी प्रातः 7.00 से 9.00 बजे तक इस कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त कर पाएंगे।

# बोर्ड की मैरिट में आने वाली मुस्कान का सम्मान

### सिद्धभाऊजी ने किया सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अनन्दराम टी शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मुस्कान का सम्मान किया गया। हायर सेकंडरी की परीक्षा में कॉमर्स संकाय में मुस्कान ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

नवयुवक सभा भवन में संतजी के शिष्य सिद्धभाऊजी ने मुस्कान व उनकी मां कंचन, पिता सुरेशआवतानी का सम्मान किया। मुस्कान ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अकाउंट में तो 100/100 अंक हासिल किए हैं। मुस्कान ने कहा कि बताया कि नियमित पढ़ाई व सतत परिश्रम करके पढ़ाई की। मुस्कान सीए बनना चाहते हैं। इस अवसर पर नवयुवक सभा के उपाध्यक्ष महेश दयारामानी ने मुस्कान ओर उनके पालको को पुषपगुच्छ भेंट कर बधाई दी। भाऊजी ने मुस्कान को उज्वल भविष्य की कामना की। जीव सेवा संस्था मुस्कान की शिक्षा में हर संभव सहायता करेगी।



# टीसीएस और सिएटिव सॉल्यूशंस में चयन हुआ चार छात्राओं का

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल की छात्राओं का टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज चेन्नई और सिएटिव सॉल्यूशंस मुंबई में चयन हुआ। कैंपस ड्राइव में सिएटिव सॉल्यूशंस के एचआर राशेल और ऐश्वर्या विशेष रूप से उपस्थित रहे।

व्यापक चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों की योग्यता, कौशल और प्रस्तावित भूमिकाओं के लिए उपयुक्तता काआंकलन करने के लिए विभिन्न पांच चरणों में सामान्य एप्टीट्यूड टेस्ट, शोध-आधारित एप्टीट्यूड टेस्ट, बाजार रणनीति पर आधारित गतिविधि, एचआर साक्षात्कार और प्रबंधन शामिल था।

सिएटिव सॉल्यूशंस में जूनियर बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव के पद पर कॉलेज की तीन छात्राओं सुश्री देवल खरे, दिव्या प्रजापति और दिशा गिदवानी का चयन हुआ। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज कैंपस ड्राइव में दिशा गिदवानी का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर हुआ।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने चयनित छात्राओं को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी।

**मेट्रो एंकर**

### प्रशिक्षण के बाद होंगी प्रतियोगिताएं

# बाल अभिव्यक्ति शिविर, समग्र विकास के लिए प्रशिक्षण

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल/मुकिता इंटर नेशनल स्कूल में बाल अभिव्यक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगींण विकास एवं उनके ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदप्रयोग के लिए विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देना है। शिविर में चित्रकला, मेहंदी, खेलकूद, संगीत, हस्त लेखन सुधार, नृत्यकला, पुस्तकालय, कुकिंग (लड़के-लड़कियों के लिए) अंग्रेजी स्पोकन, सेल्फ ब्यूटीशियन कोर्स, कैलीग्राफी, बेस्ट ऑफ वेस्ट आदि का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि इस समर कैंप में विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुप्रयोग के साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभा भी सामने आएगी, साथ ही बच्चों के समय का सदुपयोग हो इस के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी लायब्रेरी में रखी गई है, जिसे पढ़कर विद्यार्थी ज्ञान अर्जित कर सकते हैं, इसके साथ ही खेलों की भी व्यवस्था की गई है जिसमें विभिन्न खेल खो-खो, वालीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन खेल कोच द्वारा सिखाएं जाएंगें। शिविर के समापन अवसर पर दौरान प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।



**फ्री हाबी क्लासेस:** लाइफ लाइन स्कूल में फ्री हाबी क्लासेस चलाई जा रही हैं, जो सुबह 9 से 1 बजे तक संचालित हो रही हैं। इनमें कम्प्यूटर, डांस, सेल्फ डिफेंस, सेल्फ ब्यूटीशीयन कोर्स सिंधी भाषा, अंग्रेजी स्पोकन क्लासेस, मेहंदी, मार्शल आर्ट, फेबरिक, पेंटिंग वेस्ट टू बेस्ट व अन्य विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। क्लासेस खत्म होने के बाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के लिए आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रम विभाग के साथ संयुक्त समन्वय से डी.बी.एल. कंस्ट्रक्शन साइट अवधपुरी भोपाल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन, पीठासीन अधिकारी श्रम न्यायालय कुसुमहरा चक्रवर्ती एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में श्रम न्यायाधीश कुसुमहरा चक्रवर्ती द्वारा उपस्थित श्रमिकों को उनके कानूनी वह संवैधानिक अधिकार बताते हुए नालसा की असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सेवा योजना की जानकारी प्रदान की गई। न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, ई श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, आयुष्मान कार्ड आदि लाभकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

### मप्र मानव अधिकार आयोग

# एक ही खंभे पर 100 से ज्यादा मीटर, सीएमडी से रिपोर्ट तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर के भानपुर क्षेत्र के खेजड़ा गांव में बिजली विभाग द्वारा एक ही खंभे पर 100 से ज्यादा मीटर लगाने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि एक साथ मीटर लगने के कारण तारों का जाल बन गया है। जिससे तारों में आग लगने से बडा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। मामले में आयोग ने सीएमडी, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क.लि. भोपाल से मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा के लिये आवश्यक उपाय किए जाकर जोखिमपूर्ण स्थिति के सम्बन्ध में तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है।

# खरे ने वीआरएस लिया, जनसंपर्क ने दी विदाई



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त संचालक अतुल खरे को सेवानिवृत्ति पर जनसम्पर्क संचालनालय में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में आयुक्त जनसम्पर्क संदीप यादव और संचालक रोशन सिंह शामिल हुए। यादव ने कहा कि सरकारी गतिविधियों के कारण शासकीय व्यक्ति अपनी व्यस्तता के चलते सामाजिक एवं रुचि की गतिविधियों में इच्छा होते हुए भी अनेकों बार शामिल नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि अब खरे सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक गतिविधियों में शामिल होकर अपना योगदान देंगे। खरे ने वर्ष 1991 में जनसम्पर्क विभाग में सेवाएं शुरू की थीं। इस दौरान वे मुख्य रूप से जनसम्पर्क कार्यालय छिंदवाड़ा, जबलपुर और संचालनालय भोपाल की विभिन्न शाखाओं में पदस्थ रहे। अतुल खरे ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है।

## टीईई के फाइनल प्रोजेक्ट 31 तक होंगे जमा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) के जून टर्म एंड एग्जाम (टीईई) के लिए फाइनल रिपोर्ट, डिजर्टेशन, इंटर्नशिप रिपोर्ट ऑनलाइन जमा करने की तारीख 31 मई तक है। छात्रों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि स्कैन किए गए पेज सही क्रम में, साफ होना चाहिए। छात्रों को प्रोजेक्ट ऑनलाइन सबमिट करने से पहले गाइड से अनुमोदन लेना होगा। छात्रों को मूल परियोजना रिपोर्ट को प्रत्येक विषय, पाठ्यक्रम के लिए एक एकल पीडीएफ प्रारूप फाइल में स्कैन करना होगा।

### तीसरे चरण की मतदान तिथि करीब, मप्र की 9 सीटों पर होगा चुनाव

# रोज नए आरोप व नए मुद्दे गढ़ने की कोशिशें, मतदान के लिए मैदान में पसीना बहा रहा आयोग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**






लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के पहले हर रोज बदलते मुद्दों के बीच अब प्रचार में भाजपा नेता उमा भारती की भी एंट्री हो गई है। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा पर संविधान बदलने के प्रयास का आरोप लगाने वाली कांग्रेस खुद अपनी सरकारों में सौ मर्तबा संविधान संशोधन कर चुकी है। जबकि कांग्रेस ने अपनी सभाओं में कोविशील्ड वैक्सीन से होने वाले दुषप्रभावों का मामला उठाते हुए भाजपा पर आरोप लगाया है कि उसने इस वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से धन लिया है। इन सभी के बीच चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिये कमर कसी हुई है।मतदान केन्द्रों में ÷चलें बूथ की ओर'' अभियान में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन खुद सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हर वोट कीमती है। राजन मतदाताओं को जागरूक करने के लिये ट्रैक्टर में बैठकर गांव में घूमे।

## सिंधिया के लिए उमा भारती ने किया प्रचार



पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने गुना-शिवपुरी से पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिये पिछोर में जनसभा में कहा कि देश आजाद हो गया लेकिन सोनिया गांधी और राहुल गांधी अभी भी अपने आप को रानी और शहजादे समझते हैं। ये दोनों भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं। कांग्रेस ने ऐसी-ऐसी गलतियां और करतूतें की हैं कि अब वह इस लायक भी नहीं बची है कि उसके बारे में कुछ कहा जाए। वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने और देश के विकास को गति देने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। उनके हाथों को मजबूत करने के लिए 7 मई को हर घर से प्रत्येक मतदाता वोट दे। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सागर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में बीना व मालथौन, भिण्ड लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में लहार, ग्वालियर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में डबरा विधानसभा के मेहगांव और भितरवार विधानसभा के चीनोर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी झूठ की दुकान है आजादी के बाद कांग्रेस ने 70 साल तक देश की भलाई में हमेशा अ?गे लगाए। गरीबी दूर नहीं कर सके। यादव ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेता कह रहे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी, लेकिन जब कांग्रेस की सरकार रही तो इन्होंने कई बार संविधान में संशोधन किए। कांग्रेस ने 100 बार संविधान में संशोधन किया और अब वे दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। अब कह रहे हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी।

## मतगणना प्रभावित करने की आशंका

प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने आयोग को शिकायत सौंपकर कहा है कि टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार टीकमगढ़ के निवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए लगे कैमरे बिजली गुल हो जाने के कारण टीवी पर ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन नहीं हो सका, जिसकी जानकारी प्रत्याशी के प्रतिनिधियों ने दी और संदेह उत्पन्न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायत करने के उपरांत बड़ी मुश्किल से कैमरे चालू कराए गए। ऐसी स्थिति में सत्ताधारी दल द्वारा किसी प्रकार की घालमेल किये जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रवक्ता अवनीश बुंदेला ने भी यही आशंका जाहिर की है। पटवारी ने भाजपा से सवाल पूछे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा के समर्थन में विदिशा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनसभा में कहा कि कोविड में मोदी ने जनता से कहा ताली बजाओं, देश बजाने लग गया, मोदी जी ने कहा थाली बजाओं देश बजाने लग गया, देश गुमराह होता रहा और भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से 50 करोड़ रुपए का काला धन ले लिया। अब उसी कंपनी की वैक्सीन को लेकर कई खुलासे हो रहे है, इसका जिम्मेदार कौन है जनता भाजपा से सवाल पूछे।

## मतदान के लिए निकाली वाहन जागरुकता रैली



निर्वाचन पदाधिकारी गांव में मतदान के लिये जागरुकता अभियान के तहत वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते हुए

## अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सेवानिवृत हुए, आयोग ने दी विदाई




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में विगत लगभग दो वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अति.पुलिस महानिदेशक बी.बी. शर्मा विगत भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत हो गए हैं। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टण्डन सहित आयोग के सभी वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति में बी.बी. शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने शर्मा द्वारा आयोग में दी गई सेवाओं की सराहना की।

## बरकतउल्लाह विवि में नामांकन प्रक्रिया 30 नवंबर तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वर्ततान में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में यूजी और पीजी में दाखिला लेने वाले छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में बीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट में के अंतर्गत प्रवेशित छात्रों के नामांकन अब 30 नवंबर तक होंगे। इसी दौरान प्राइवेट तौर पर यूजी और पीजी करने वाले छात्रों को नामांकन कराना होगा। बता दें प्रबंधन ने पहले इसकी अंतिम तिथि 30 अक्टूबर घोषित की थी, लेकिन आखिरी तारीख तक कई विद्यार्थियों के नामांकन नहीं हुए, इसी को ध्यान में रखते हुए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने तारीख बढ़ाई है।




**मेट्रो एंकर** 8 जून हायर सेकंडरी के सभी विषय, 10 जून से 20 जून तक हाई स्कूल की होगी परीक्षा

# माध्यमिक शिक्षा मंडल: 10वीं 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं 12वीं की परीक्षाओं में सप्लीमेंट्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। माशिमं ने माशिमं ने दोनों कक्षाओं की सप्लीमेंट्री परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। हायर सेकंडरी के समस्त विषयों की पूरक परीक्षा सोमवार 8 जून तथा हाईस्कूल पूरक परीक्षा 10 जून से 20 जून तक होगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 8 से 11 बजे के बीच रहेगा। दसवीं की सप्लीमेंट्री में पहला पेपर हिंदी का होगा।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा के परिणाम बीती 24 अप्रैल को घोषित किए जा चुके है। बारहवीं परीक्षा में केवल एक विषय व हाईस्कूल परीक्षा में दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्रों को पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। माशिमं की दसवीं परीक्षा में 1,15,839 व बारहवीं में 1,04,745 विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री मिली है। सप्लीमेंट्री परीक्षा के आवेदन एक मई से जमा होना शुरू होंगे। आवेदन 7 जून तक जमा होंगे। परीक्षा शुल्क पांच सौ रुपए व पोर्टल शुल्क 25 रुपए रहेगा।

### परीक्षा परिणाम जारी

बारहवीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अब परिणामों की समीक्षा शुरू हो गई है। राजधानी के तुलसी नगर स्थित जिला शिक्षा कार्यालय में गुरुवार को दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जाएगी। इसमें राजधानी के 131 हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों से कम रिजल्ट आने का कारण पूछा जाएगा। प्राचार्यों से मिली रिपोर्ट का प्रतिवेदन आयुक्त लोक शिक्षण को भेजा जाएगा। इस आधार पर सभी जिलों की समीक्षा के प्रतिवेदन से राज्य स्तरीय रिपोर्ट तैयार होगी। इसके बाद दसवी-बारहवी के रिजल्ट को लेकर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# धोखा देकर वृद्ध महिला से सोने की चेन ले उड़े बदमाश

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार के दिन उपनगर बानापुरा के नरसिंह मंदिर में पूजा अर्चन कर रही वृद्ध महिला श्रीमती शीला शर्मा को दो युवकों ने भ्रमित कर भावनात्मक ढंग से पहला फुसलाकर गले से सोने की चैन उतार पुड़िया में रखी, पुड़िया बदली और नौ दो ग्यारह हो गए ।



वृद्ध महिला ने बताया कि मैं जब मंदिर में पूजा अर्चना कर रही थी तभी दो युवक आए और उन्होंने कहा कि मेरी मां की तबीयत खराब है और उनके नाम से मंदिर में दान करना है आप संकल्प कर दीजिए । एक युवक ने अपनी जेब से उन्होंने 5-5 सो रूपयों की गड्डी निकाली और कहने लगे कि इस पर आप सोने की चेन रख दीजिए जब मैंने मना किया तो वह हाथ पैर जोड़ने लगे तब मैंने रूपयों की गड्डी पर अपनी सोने की चेन रखी तो उन्होंने कागज की पुड़िया बनाई और कहा कि इसे अब भगवान जी के चरणों में रख दीजिए । जब मैंने देखा तो पाया कि ना तो नोट थे ना ही मेरी सोने की चेन । तब तक दोनों युवक मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग चुके थे । पास ही घर पहुंच कर मैंने अपने बेटे से कहा काफी ढूंढने के बाद भी युवक नहीं मिले ।

घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी उषा मरावी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने पूछताछ की । साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी जांच की लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं मिल । पीड़ित ब्राह्मण महिला से हुलिया की जानकारी लेकर आसपास के सभी थानों में सूचना भेजी गई है । थाना प्रभारी उषा मरावी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपरिचित लोगों से लेनदेन ना करें और आभूषण ना दिखाएं ना ही उनके हाथ में दें।

# चलें बूथ की ओर अभियान का क्रियान्वयन सात तक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए बताया है कि मई माह की एक से सात तारीख तक से जिलें के सभी 1341 मतदान केन्द्रों पर श्चलें बूथ की ओर अभियान का क्रियान्वयन किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विदिशा जिले की मानटरिंग के लिए अपर मुख्य निर्वाचन श्री राजेश कौल, को दायित्व सौंपा है। श्री कौल जारी निर्देश की निरन्तरता में श्चलें बूथ की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों गतिविधियों के पर्यवेक्षण निरीक्षण तथा मतदान केंद्रों का आकस्मिक भ्रमण कर जायजा लेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विदिशा जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप शत् प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विदिशा जिले में तृतीय चरण तहत मतदान 7 मई 2024 को होने




जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिये ष्चलें बूथ की ओरष् अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाया जायें। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों, कैम्पस एम्बेसडर, तथा रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएट एवं ईएलसीएस एनजीओ चुनाव पाठशाला तथा स्थानीय लोगों के माध्यम से सघन स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने की कार्यवाहियों का संपादन करेंगे।

कलेक्टर ने जिले के मतदान केन्द्रों पर एक साप्ताहिक आयोजन की क्रॉस मॉनिटरिंग के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सोपा गया है उक्त कार्य जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में क्रियान्वित किया जाएगा। आयोजित गतिविधियों के उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स एवं विडियों उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें के भी निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

# राज्य स्तरीय जवाब के प्रति सभी विभाग अलर्ट रहें, निर्धारित समय पर जवाब प्रस्तुत करें : एसीएस




**नर्मदापुरम।** सभी विभाग राज्य स्तर पर जवाब प्रस्तुत करने के प्रति अलर्ट रहें। सचेत रहें, जवाब समय पर दें। संतोषजनक जवाब दें। उक्त निर्देश मध्य प्रदेश शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अजीत केसरी ने बुधवार को नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में संभाग आयुक्त नर्मदापुरम डॉक्टर पवन कुमार शर्मा, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी सहित समस्त जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संभागीय अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने नर्मदापुरम संभाग के नर्मदापुरम, बैतूल व हरदा जिलों में पेयजल सप्लाई की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में वर्तमान में पेयजल की समस्या कहीं भी नहीं है। पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से चालू है। लेकिन आने वाले दिनों में जब भीषण गर्मी पड़ेगी तब इटारसी और सिवनी मालवा के कुछ क्षेत्रों में पेयजल की समस्या हो सकती है। गत वर्ष इन स्थानों पर पेयजल परिवहन भी किया गया था। ग्रीष्म काल में पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकता से करने के लिए एवं आम जनों को पेयजल की समस्या ना हो इसलिए विशेष हैंडपंप संधारण अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय स्तर पर जिले में हैंडपंप मैकेनिकों द्वारा हैंडपंप संधारण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकासखंड में आउटसोर्स एजेंसी नियुक्त की गई है। एजेंसी की संधारण टीममय वाहन के उपलब्ध है। जिले में 8744 हैंडपंप स्थापित है, जिनमें से 8622 हैंड पंप चालू है। जहां हैंडपंप बंद है वहां नल जल योजना या अन्य स्त्रोत का विकल्प मौजूद है। सभी उपखंडों में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ गठित किया गया है। जिसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। वार रूम एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को भी संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जा रहा है। विभागीय स्टोर में राइजर पाइप एवं सिंगल फेस मोटर पंप की पर्याप्त उपलब्धता है। जिन्हें शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल सुधार में उपयोग किया जा रहा है।

# राष्ट, गीत 'वंदे-मातरम' एवं राष्ट्र-गान 'जन-गण-मन' के सामूहिक गायन से हुई प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत



**नर्मदापुरम।** मई माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत संभागायुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस अवसर पर आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग तथा कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत महुआ टाना के तालाब की अवैध खुदाई का काम जारी

# आदिवासी की भूमि में मिट्टी की अवैध खुदाई मामले की जांच ठंडे बस्ते में गई

**सुस्त राजनीति और लापरवाह प्रशासन से अव्यवस्था का आलम**

**मुरम के बजाए सड़क निर्माण में काली मिट्टी का प्रयोग**



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

**सिवनी मालवा क्षेत्र में इन दिनों काली मिट्टी का अवैध उत्खनन जमकर किया जा रहा है इन अवैध खनन कार्यों को मोरन नदी के किनारे सहित कई गांव में पोकलेन मशीन उतार कर खुलेआम शासन प्रशासन और प्रदेश सरकार को मुंह चीडाते हुए जमकर अवैध खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग दूर से तमाशा देख कर तमाश बिन बना हुआ है। जिसमें स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है इस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को इस और ध्यान देने की अती आवश्यकता है। ग्राम बंदी में आदिवासी की निजी भूमि से मिट्टी खोदकर सड़क निर्माण का मामला और उसकी जांच ठंडे बस्ते में बंद हो गई । इसी का लाभ उठाते हुए अब ग्राम पंचायत महुआ ढाना के शासकीय तलाव में मिट्टी की अवैध खुदाई का सिलसिला जारी है । तालाब से मिट्टी खोदकर सड़क के निर्माण के उपयोग में लाई जा रही है । राजनीतिक संरक्षण में पल रहे खनन माफिया प्रशासन को धता दिखाते हुए अवैध उत्खनन में लगे हैं । और प्रशासन ने अपनी चुप्पी साध ली है।**

### प्रशासनिक अक्षमता का फायदा उठा रहे हैं माफिया

खनन विभाग का कार्यालय सिर्फ जिला स्तर पर ही है । तहसील स्तर पर इनका कोई कार्यालय या अधिकारी नहीं है । एसडीएम, तहसीलदार अवैध उत्खनन में हस्तक्षेप कर उत्खनन को रूकवाते हैं और शेष कार्यवाही के लिए प्रकरण खनन विभाग को सौंप देते हैं किंतु खनन विभाग की लचर व्यवस्था के चलते किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है और स्थिति यह बनती है कि प्रशासनिक अक्षमता का सीधा लाभ उत्खनन माफिया उठता है । सुस्त राजनीति और प्रशासनिक लचर व्यवस्था के कारण क्षेत्र में जहां-तहां अवैध उत्खनन का सिलसिला जारी है।



### मूल्यांकन करने वाले इंजीनियर क्यों नहीं दे रहे हैं ध्यान ?

शहरी और ग्रामीण स्तर पर कराए जाने वाले कार्यों में इंजीनियर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेआउट देने से लेकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन भी इंजीनियर द्वारा किया जाता है तब वे मुरम की जगह काली मिट्टी का प्रयोग करने वाले ठेकेदारों पर क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैं यह एक विचारणीय प्रश्न है ... ? यह तो ऐसे मामले हैं जो किसी तरह मीडिया के संज्ञान में आ गए और ना जाने कितने मामले होंगे जहां चुपचाप अवैध उत्खनन का सिलसिला जा रही है। खनन विभाग का कोई भी कार्यालय या अधिकारी सिवनी मालवा क्षेत्र में नहीं है तहसील स्तरीय प्रशासन को अंतिम कार्यवाही करने का अधिकार नहीं है । राजनीति सुषुप्त अवस्था में ऐसी स्थिति में खनन माफिया बेजा फल-फूल रहा है। जब इस पूरे मामले की जानकारी खनिज विभाग नर्मदा पुरम कार्यालय समय में इस बात की जानकारी लेने के लिए खनिज विभाग के अधिकारियों को कई बार सिवनी मालवा के पत्रकारों ने फोन लगाया लेकिन उन्होंने एक बार भी जवाब नहीं दिया क्या खनिज विभाग की अवैध उत्खन में लापरवाही समझे या फिर उनकी मोन स्वीकृति मनकर जैसा चल रहा है वैसा ही चलने दे। ये क्षेत्र की जनता के जेहन में यक्ष प्रश्न बना हुआ।

### कहां-कहां हो रहा है अवैध उत्खनन

1. ग्राम सोता चिकली के आसपास का इलाका जहां अवैध खुदाई कर माफिया ने पहाड़ियों को खोद दिया ।
2. ग्राम चौतलाय के पास स्थित पहाड़िया वाला क्षेत्र जहां सिवनी मालवा और डोलरिया तहसीलों की सीमा मिलती है । इस स्थान पर शासकीय भूमि होने के कारण हजारों ट्रक मुरम अवैध रूप से रोज खोदी जा रही है ।
3. ग्राम लोखरलाई के पास मोरन नदी का ब्रिज, जहां निजी और शासकीय भूमि से मिट्टी खोदकर सड़क निर्माण के उपयोग में लाई जा रही है ।
4. ग्राम बंदी में आदिवासी की निजी कृषि भूमि से मिट्टी खोदकर भूमि निर्माण में लाई जा रही है द्य
5. ग्राम हिरण खेड़ा में स्थित जिले का सबसे बड़ा गोमुखी तालाब में मछली पालन के लिए ली गई अनुमति की आड़ में तालाब का पानी बहाकर मिट्टी का अवैध उत्खनन करवाया जा रहा है द्य
6. ग्राम पंचायत महुआ ढाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढांडीवाड़ा में पंचायत की अनुमति बगैर शासकीय जमीन पर तालाब की खुदाई कर मिट्टी निकाली जा रही है।

**मेट्रो एंकर**

## 2 से 5 मई तक मढ़ई में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट कार्यक्रम

# ऑफबीट डेस्टिनेशन मढ़ई में खुद को करें तरोताजा, तनावमुक्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले में सतपुडा के जंगलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं है जो कई चीजों के लिए दुनिया मे जाना जाता है जिसका विश्व के नक्से में अपनी एक खास पहचान है साथ ही समृद्ध विरासत, संस्कृति, विविध वन्यजीवन एवं एतिहासिक धरोहरों के लिये दुनियाभर में प्रसिद्ध मध्यप्रदेश तेजी से वेलनेस एवं स्वास्थ्य पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।



**पचमढ़ी में 16 मई से होगा सेशन...**

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा नर्मदापुरम जिले के मढ़ई में जिसकी दूरी नर्मदापुरम से 55 किलोमीटर एवं भोपाल से 150 किलोमीटर दूर स्थित ऑफबीट डेस्टिनेशन मढ़ई में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट कार्यशाला का आयोजन आज 2 मई से किया जा रहा है। सतपुड़ा बायोस्फीयर परियोजना का एक अभिन्न अंग मढ़ई देश के सबसे समृद्ध एवं मनमोहक जंगलों में से एक सतपुड़ा के प्रवेश द्वार पर स्थित है। यहां की समृद्ध वन्य जीवन, घास के विशाल मैदान, सुरम्य प्राकृतिक नजारों के बीच बैकवाटर के दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते है। यहां के विविध परिदृश्य, हरे-भरे जंगल, नदियां और मनोरम वादियां मन, शरीर और आत्मा को जीवंत कर देते हैं।

म.प्र. टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि बोर्ड द्वारा साक्षी-द डिवाइन विटनेस संस्था के साथ मढ़ई के सुरम्य प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य योग एवं मेडिटेशन रिट्रीट का आयोजन 2 मई से 5 मई तक किया जा रहा है। इस दौरान भक्ति साधना मेडिटेशन, प्राचीन सूर्य क्रिया, बर्ड वॉचिंग, वाइल्डलाइफ सफारी, बोटिंग, पोटरी आर्ट, एवं स्टारगेजिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही 16 मई से 19 मई तक पचमढ़ी में भी योगा एवं मेडिटेशन रिट्रीट होगा, जहां झरने के निकट मेडिटेशन, जटाशंकर मंदिर में भक्ति साधना, सनसेट पॉइंट पर चितशक्ति मेडिटेशन एवं जंगल ट्रेकिंग का आनंद ले सकेंगे।

### विभिन्न सत्रों में होंगी गतिविधियां

ईशा फाउंडेशन प्रमाणित हठयोग शिक्षक साक्षी प्रगट द्वारा सुबह और शाम के दो सत्रों में प्राचीन सूर्य क्रिया होगी। दोपहर के सत्र में भावनात्मक स्थिरता प्राप्त करने के लिये ईशा क्रिया, मन की शांति के लिए नाड़ी शुद्धि प्राणायाम और अत्यधिक भय एवं अनियमित नींद के पैटर्न के उपचार हेतु नाद योग ( ओम जप ) गतिविधियां होंगी। नदी किनारे भावपूर्ण गतिविधियों में भक्ति साधना और चित शक्ति ध्यान होगा। साहसिक गतिविधियों में ? सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में जंगल सफारी, नेचरवॉक, स्टारगेजिंग, बर्ड वॉचिंग एवं ऑफबीट डेस्टिनेशन भ्रमण होगा।



# शंकाओं का समाधान प्राप्ति के उपरांत प्रशिक्षण हॉल छोड़ें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दरम्यिान विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक-एक माइक्रोआब्जर्वर नियुक्त किए गए है। माइक्रोआब्जर्वरो के द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यो से भलीभांति अवगत कराने के उद्धेश्य से द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार को रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया था।

मास्टर टेऊनर्सो द्वारा माइक्रोआब्जर्वरों को आयोग के नियमों व दिशा निर्देशो से भलीभांति अवगत कराया है उन्होंने बताया कि हरेक केन्द्र पर नियुक्त माइक्रोआब्जर्वर सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखेंगे। प्रशिक्षणार्थियों से कहा गया कि निर्वाचन कार्य खासकर मतदान केन्द्रो पर टीमवर्क की भावना से कार्यो का संपादन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से भयभीत ना हो। निर्वाचन से संबंधित जो भी जानकारियां दी जा रही है उन उन सबको आत्मसात करें।



निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार से शंका हो तो समाधान अवश्य रूप से प्राप्त करें। पूछने में किसी भी प्रकार से संकोच ना करें। प्रशिक्षण में संकोच करने से निर्वाचन, मतदान के दौरान अनेक प्रकार की दुविधाएं हो सकती है।

प्रशिक्षणार्थियों को मास्टर टेऊनर्सो के द्वारा माइक्रोआब्जर्वरों को अवगत कराया गया कि मतदान केन्द्र रवानगी के दिन से ही सामान्य प्रेक्षक की देख-रेख में आवंटित कार्यो को संपादित करेंगे। माइक्रोआब्जर्वर द्वारा मतदान के दिन करने वाले कार्य व अवलोकन की भी बिन्दुवार जानकारी दी गई है। माइक्रोआब्जर्वर की रिपोर्ट एवं समीक्षा के लिए निर्धारित पैरामीटर से अवगत कराया गया है।

ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट के विधिवत कनेक्शन ना होने से अनेक प्रकार के एरर के कारण मशीन काम नहीं करती है। ऐसी स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए प्रशिक्षण के दौरान हरेक प्रशिक्षणार्थी मशीनो के कनेक्शन की प्रक्रिया से भलीभांति अवगत हो। प्रशिक्षण के दौरान ही कनेक्शन करने की प्रायोगिक जानकारी अर्थात अभ्यास अनिवार्य रूप से करें। रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन आडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि चुनाव में डरना नहीं है। निर्वाचन संबंधी जो पीपीटी है उसका बारीकी से अध्ययन करें। सामान्यतः छह सात प्रकार के एरर मशीनो में हो सकते है इस प्रकार की त्रुटियां मतदान केन्द्र पर ना हो इसके लिए अभ्यास अतिआवश्यक है पर विशेष बल दिया गया हैं।

प्रशिक्षणार्थियों को डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया, एनआईसी के डीआईओ एमएल अहिरवार, लीड़ बैंक आफीसर आकाश चौहान और नरेश मेघानी के अलावा मास्टर टेऊनर्स विजय श्रीवास्तव ने सम्बोधित किया है।

# कलेक्टर ने मतदान करने का आव्हान किया, मतदाता जागरूकता की ली शपथ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो। लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतदान तिथि सात मई को सभी मतदाता मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर मतदान जरूर करें के संदेश से सभी को भलीभांति अवगत कराने के उद्धेश्य से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सिरोंज जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने सहभागिता निभाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु अभिप्रेरित किया है।**



कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सात मई की तिथि को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर हम जागरूक मतदाता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि विदिशा जिले में सर्वाधिक मतदान हो इसके लिए हर एक मतदाता को मतदान करना जरूरी है। यह हमारा मौलिक अधिकार है और इस अधिकार से हम वंचित ना रहे पाएं यह हमारा नैतिक दायित्व है। कलेक्टर श्री वैद्य ने मतदान केन्द्रो पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुपालन में मुहैया कराई जा रही जानकारियों पर भी गहन प्रकाश डाला है। उन्होंने सभी वार्डो में विशेष प्रयोजनो से डोर-टू-डोर सम्पर्क कर मतदान करने के पुनीत कार्य में सभी सिरोंज नगरवासियों का योगदान हो का आव्हान किया है।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने मतदान के पूर्व ओर मतदान दिवस के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में विस्तारपूर्वक गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हरेक मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का उपयोग मतदान केन्द्र पर करें। इसके लिए आवश्यक सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। उन्होंने किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों के संचालन होने की जानकारी प्राप्त होने पर अविलम्ब सूचित करने का आव्हान किया है। जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने मेगा ईवेंट टेन डेज के तहत सम्पूर्ण विदिशा जिले में हर रोज आयोजित होने वाली एकजाई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उद्धेश्य लाखो मतदाताओं तक सुगमता से मतदान करने का संदेश सम्प्रेषित करना है। इससे पहले आयोजन के उद्धेश्यों, तैयारियों के साथ-साथ मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में नियुक्त विभिन्न सूत्रों पर जनपद सीईओ श्रीमती वंदना शर्मा के द्वारा प्रकाश डाला गया है। कार्यक्रम में बीएलओ, आंगनबाडी कार्यकर्ता, बूथ लेवल पर जनजागरूकता के कार्यो को संपादन करने वाले मौजूद रहें।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कौल ने ग्राम पंचायत मानौरा भवन में उपस्थित ग्रामीण नागरिकों व महिला मतदाताओं को संबोधित करते हुए मतदान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट अति आवश्यक है सभी निर्वाचनों में हमें मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए क्योंकि यह हमारा मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी। उन्होंने कहा कि हम अपना वोट डालकर अपना प्रतिनिधि चुनते हैं जिससे सरकार बनती है उन्होंने उपस्थित सभी को मतदान तिथि 7 मई को मतदान करेंगे का संकल्प भी दिलाया है - श्री कौल ने कहा कि मतदान दिवस पर सभी मतदाता अपने-अपने घरों से बाहर निकलें और मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करें उन्होंने ग्रामीण जनों से पूछा भी की किस-किस के यहां मतदाता पर्ची पहुंच गई हैं और जिन मतदाताओं तक मतदाता पर्ची नहीं पहुंची हैं उन्हें भी मतदान दिवस से पहले मतदाता पर्ची प्राप्त हो जाएंगी।

## चले बूथ की ओर अभियान का शुभांरभ

निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुपालन में विदिशा जिले में भी एक से सात मई तक चले बूथ की ओर अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पहले दिन कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कांजीखेडी में उक्त अभियान का शुभांरभ करते हुए आयोजनों के उद्धेश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हरेक मतदाता मतदान करें इसी मंशा से इस अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए हरेक मतदाता को जागरूक होकर अपने मतदान का उपयोग करना होगा ताकि विदिशा जिला शत प्रतिशत मतदान करने वालो की श्रेणी में शामिल हो सकें। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने भी सम्बोधित किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला भी मौजूद रहें कार्यक्रम का समापन मतदाता जागरूकता शपथ से हुआ है।



## डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदान के लिए पीले चावल प्रदान कर दिया आमंत्रण

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल आज विदिशा जिले के ग्राम मानौरा में ष्चलें बूथ की ओर अभियानष् कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री कौल ने वयोवृद्ध महिला मतदाताओं का फूलमाला प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मतदान करने का आह्वान किया है। इसके पश्चात मतदान करेंगे की शपथ का वाचन किया जिसे अन्य सभी ने दोहराया। मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर डोर टू डोर संपर्क करते हुए, मतदाताओं को आमंत्रित पत्रिका व पीले चावल देकर मतदान करने का न्यौता भी दिया है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने ग्रामीण मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में आपके गांव का कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित ना रहे इसके लिए गांव के मतदाता जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने हेतु हो सभी को शत प्रतिशत मतदान कराने में अहम भूमिका निभाएं ।चलें बूथ की और अभियान अंतर्गत अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री काल जनपद पंचायत ग्यारसपुर में भी मतदाता जागरूकता रैली में शामिल हुए उन्होंने रैली में शामिल होकर जनपद पंचायत ग्यारसपुर के मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय ग्यारसपुर पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित भी किया।



## घर-घर पहुंच कर पीले चावल देकर आमंत्रण

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कंल ने चलो बूथ की और अभियान कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भवन मानौरा से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली के दौरान घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को अपने हाथों से पीले चावल प्रदान कर मतदान के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने ग्राम के पुरुष, महिला वयोवृद्ध व युवा मतदाताओं से निवेदन किया कि वह 7 मई को नित मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने जरूर जाएं। श्री कौल ने मतदान के लिए आमंत्रण देने के दौरान ग्राम के रास्ते में मिट्टी के बर्तन का व्यवसाय करने वाले 90 वर्षीय वयोवृद्ध श्री फूल सिंह प्रजापति एवं श्रीमती जमना बाई और उनके पुत्रों को भी आमंत्रण दिया है। वयोवृद्ध श्री फूल सिंह प्रजापति से संवाद भी किया गया इस दौरान वयोवृद्ध श्री फूल सिंह ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान जरूर करेंगे की बात कही है।

## मतदान में पीछे ना रहें शहरी मतदाता

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल ने बुधवार को विदिशा नगरपालिका क्षेत्र में आयोजित चले बूथ की ओर अभियान पर आधारित कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कौल ने शहरी मतदाताओं से आव्हान किया कि मतदान तिथि को स्वंय मतदान करें और अन्य दूसरो के लिए प्रेरक बनकर मतदान केन्द्र तक जरूर लाएं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में प्राय देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। उन्होंने मतदाता जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है इस अधिकार से कोई वंचित ना रहें। यह हमारा नैतिक दायित्व है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कौल ने कार्यक्रम के दौरान वायोवृद्ध मतदाताओं को अपने हाथो से मतदाता पर्ची सौंपते हुए उन सबको पीले चावल व मतदान हेतु निर्धारित आमंत्रण पत्रिका भेंट की है।

# व्यय प्रेक्षक ने एसएसटी तथा व्यय निगरानी प्रकोष्ठ के कार्यों का जायजा लिया



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मधुर अग्रवाल के विदिशा प्रवास के दौरान कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सौजन्य मुलाकात कर निर्वाचन से संबंधित जानकारियां सांझा की है।

व्यय प्रेक्षक मधुर अग्रवाल ने बुधवार को विदिशा जिले के प्रवास दौरान सागर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाली शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया है, यहां उन्होंने एसएसटी के कार्यों का जायजा लिया है। व्यय प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने नटेरन में व्यय निगरानी टीम के द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। लायजनिंग आफीसर आलोक खरे ने बताया कि प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने मियांखेडी में संचालित एसएसटी चौक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। यहां मौजूद स्टाफ से जांच प्रक्रिया के संबंध में पूछताछ करते हुए सभी प्रकार के वाहन की जांच करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री मधुर अग्रवाल ने कहा कि जांच के दौरान यात्रीगण अनावश्यक रूप से परेशान ना हो का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने पंजीयों में संधारित जानकारियां का भी अवलोकन किया है।

# श्रमिक दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कृषि उपज मंडी समिति गंजबासौदा में हम्माल संघ द्वारा 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें जनपद अध्यक्षा श्रीमती नीतू देवेंद्रसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती गायत्री नरेंद्रसिंह रघुवंशी, भाजपा वरिष्ठ नेता जितेंद्र मैना, अनाज तिलहन संघ अध्यक्ष संजयजी अरोरा, हम्माल संघ अध्यक्ष घासीराम कुशवाह, पूर्व अध्यक्ष चेतन अहिरवार सहित बड़ी संख्या में श्रमिक भाई उपस्थित रहे। पुनः आप सभी मेरे परिवारजन श्रमिक भाइयों को श्रमिक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं।

# स्कूली बच्चों को दिया जा रहा है, ग्रीष्म कालीन खेलों का प्रशिक्षण

**सिरोंज।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को हॉकी, फुटबॉल, ताइक्वांडो एवं कुश्ती का प्रशिक्षण देने के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से 31 मई तक किया जा रहा है।. सीएम राइज विद्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को खेलों का प्रशिक्षण देकर खेल की बारीकियां के साथ खेलों के नियम एवं से भी अवगत किया जा रहा है। बुधवार को सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, खेल शिक्षक शान मियां, विकासखंड समन्वयक केशव शर्मा की मौजूदगी में शुभारंभ किया गया. इस मौके पर सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया।. उन्होंने बच्चों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर खेलों का प्रशिक्षण लेने का आग्रह किया। विकासखंड समन्वयक केशव शर्मा ने शिविर के बारे में जानकारी दी।इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं बालक बालिकायें मौजूदा थे।।

**मेट्रो एंकर** | आज होगी विशाल आमसभा, यातायात व्यवस्था मार्ग किया डायवर्सन

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं सीएम डॉ. यादव की सभा की तैयारियों को लेकर प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं उमाकांत शर्मा ने बैठक स्थल का किया निरीक्षण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह एवं संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह ने गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की आयोजित होने वाली सभा की तैयारियों को लेकर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विदिशा जिले के सिरोंज कुरवाई,ओर शमशाबाद विधानसभा के कोर ग्रुप के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आज दोपहर तीन बजे स्थानीय बस स्टैंड पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव की होने वाली सभा के लिए सभास्थल का निरीक्षण भी किया।

सिरोंज लटेरी विधानसभा के लोकसभा चुनाव कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह ने विधानसभावार मंडलो के बूथ क्रेंद्र की रचना के हिसाब से सभा मे आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनता को शामिल करने के लक्ष्य तय करते हुए दायित्वों का वितरण किया। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह कल की सभा मे राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहेंगे। यह सभा ऐतिहासिक रूप से सागर लोकसभा के साथ विदिशा ओर आसपास के लोकसभा क्षेत्रों में भी प्रभाव डालेगी। उन्होंने कहा कि लता बानखेड़े प्रत्याशी के तौर पर भले ही नई है लेकिन संगठन में लगातार काम करते हुए अनुभवी महिला है हम सबको ईमानदारी ओर पूरी मेहनत से काम करते हुए तीसरे चरण के होने वाले मतदान में मत प्रतिशत बढ़ाने ओर बड़ी जीत के लिए मेहनत करना है। उन्होंने प्रमुख पदाधिकारियों को सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सागर लोकसभा के संयोजक जयप्रकाश चतुर्वेदी, चुनाव प्रभारी प्रभुदयाल पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, लोकसभा सहसंयोजक श्याम तिवारी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे,सहित सिरोंज,कुरवाई,एवं शमशाबाद विधानसभा की चुनाव संचालन टोली के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। आभार विधायक उमाकान्त शर्मा ने व्यक्त किया।






## सभास्थल, हेलीपेड का लिया जायजा

बैठक उपरांत प्रदेश लोकसभा चुनाव के प्रभारी महेंद्र सिंह ने स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ नवीन बस स्टैंड पर आयोजित होने वाले सभास्थल पर पहुँचे। यहाँ उन्होंने संगठन द्वारा लगाए गए विशाल वाटर प्रूफ डोम का निरीक्षण कर सभा मे आने वाली बड़ी सँख्या को देखते हुए टेंट को बढ़ाने व आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। यहाँ विधायक उमाकान्त शर्मा ने सभा के लिए की जारही तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था से भी अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने सभास्थल के पास ही तालाब परिसर में बन रहे तीन हेलीपैडो का भी निरीक्षण किया।

## यातायात व्यवस्था रहेगी इस तरह मार्ग किया डायवर्सन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा को लेकर नया बस स्टेण्ड सिरोंज पर ट.ट.प.च् भ्रमण के दौरान यातायात डायवर्सन किया गया है । जिसकी सूचना इस प्रकार है । बासौदा रोड से आने वाली बसों का स्टॉपेज एन्जेल होटल वायपास , सिरोंज एवं गुना , आरोन , बीना से आने वाली बसों का स्टॉपेज छतरीनाका ,सिरोंज एवं भोपाल व लटेरी से आने वाली बसों का स्टॉपेज लटेरीनाका सिरोंज पर रहेगा । भारी बाहनों का शहर में प्रवेश निषेध रहेगा । बासौदा एवं बीना तरफ से आने वाले वाहन जिसे भोपाल , लटेरी तरफ जाना है वह सिरोंज वायपास से होते हुए जाये । भोपाल एवं लटेरी से आने वाले वाहन जो बीना एवं बासौदा तरफ जा रहे है वह वायपास का प्रयोग करेगें । लटेरी , भोपाल एवं गुना से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था न्यू स्टार पेट्रोल पंप के सामने रहेगी व बासौदा , बीना से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नई कृषि उपज मंडी व पुरानी कृषि उपज मंडी में रहेगी । मंचासीन एवम् वीआईपी पदाधिकारियों के लिए वीआईपी पार्किंग पालीवाल होटल में है वीआईपी लटेरी नाका तरफ से थाने के सामने से तालब रोड़ दूलेक सिटी होते हुए वीआईपी पार्किंग पालीवाल होटल पहुंचे।

### आईपीएलः गायकवाड बने टॉप स्कोरर

# चेन्नई की प्लेऑफ उम्मीदें कम हुई, आज क्वालिफाई कर सकती है राजस्थान रॉयल्स

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग में 49 मैच खत्म हो चुके हैं। बुधवार को पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया। इस नतीजे से पंजाब 7वें नंबर पर पहुंच गई, दूसरी ओर चेन्नई चौथे नंबर पर बरकरार है। चेपॉक स्टेडियम में बुधवार को चेन्नई ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन बनाए। पंजाब ने 17.5 ओवर में 3 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। चेन्नई के अब 10 मैचों में 5 जीत और 5 ही हार से 10 पॉइंट्स हैं। टीम चौथे नंबर पर कायम है, लेकिन टीम को प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए आखिरी चारों मैच जीतने ही होंगे। एक भी मैच हारने पर उन्हें बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।



### आज क्वालिफाई कर सकती है राजस्थान

पंजाब ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की, टीम के 10 मैचों में 4 जीत और 6 हार से 8 पॉइंट्स हैं। टीम 8वें से 7वें नंबर पर पहुंच गई। उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी चारों मैच जीतने के साथ बाकी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना है। 17वें सीजन में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। राजस्थान के 9 मैचों में 8 जीत और एक हार से 16 पॉइंट्स हैं। टीम आज का मैच जीतकर 18 पॉइंट्स के साथ क्वालिफाई कर जाएगी, वह इस सीजन क्वालिफाई होने वाली पहली टीम भी बन सकती है। हारने पर भी टीम पहले नंबर पर ही रहेगी।

### हैदराबाद के पास टॉप-4 में आने का मौका

सनराइजर्स हैदराबाद के 9 मैचों में 5 जीत और 4 हार से 10 पॉइंट्स हैं। टीम ने पिछले लगातार 2 मैच गंवाए हैं और टीम 5वें नंबर पर है। आज का मैच जीतकर टीम 12 पॉइंट्स के साथ टॉप-4 में आ जाएगी। हारने पर टीम 10 पॉइंट्स के साथ पांचवें नंबर पर ही रहेगी।

### गायकवाड के पास पहुंची ऑरेंज कैप

छस्च के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने लगातार तीसरे मैच में 50 प्लस स्कोर बनाया। उन्होंने 48 बॉल पर 62 रन बनाए। इसी के साथ वह 17वें सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे प्लेयर बने और उनके पास ऑरेंज कैप भी पहुंच गई। उनके दूसरे नंबर पर मौजूद विराट कोहली से 9 रन ज्यादा गए। विराट के 500 और गायकवाड के 509 रन हैं।

### पर्पल कैप अब भी बुमराह के पास

मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह के पास पर्पल कैप है, उनके नाम 10 मैचों में 14 विकेट हैं। छस्च के मुस्तफिजुर रहमान और हर्षल पटेल के भी 14-14 विकेट हैं। ऋतुराज गायकवाड ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चौके लगाए हैं, उनके नाम 10 मैचों में 53 चौके हैं। विराट कोहली 46 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### अब तक वर्ल्ड कप नहीं जीत सका है न्यूजीलैंड

# प्लेयर केन विलियमसन को बनाया कप्तान

**बेलग्रेड, एजेंसी**

वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड बोर्ड ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। बोर्ड ने इसी दिन टूर्नामेंट के लिए टीम किट भी लॉन्च की। न्यूजीलैंड टीम अब तक एक भी वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है। 2022 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को फाइनल में हराकर खिताब जीता था। तब भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड से ही हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया ने 2007 में पहली बार हुए टूर्नामेंट का ही खिताब अपने नाम कर लिया था। तब से टीम एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी।

स्टार प्लेयर केन विलियमसन को कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। टीम में वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शानदार बैटिंग करने वाले रचिन रवींद्र को भी जगह दी गई है। रचिन और मैट हेनरी पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में खेलेंगे। बेन सियर्स को 16वें ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। इस बार टी-20 वर्ल्ड कप में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के लिए न्यूजीलैंड ने सबसे पहले अपनी टीम का ऐलान किया है।

टीम में केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउदी।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला एक जून को डालास में ही होगा। क्रिकेट इतिहास का पहला मुकाबला भी अमेरिका और कनाडा के बीच ही 1844 में खेला गया था। टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड की टीम जहां 7 जून से अपने सफर का आगाज अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी तो इसके बाद उन्हें 12 जून को मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला खेलना है। 14 जून को कीवी टीम युगांडा जबकि 17 जून को पापुआ न्यू गिनी से मैच खेलने मैदान पर उतरेगी।

# नीरज चोपड़ा फिनलैंड में होने वाली स्पर्धा में लेंगे भाग

### 18 जून को पावो नूरमी गेम्स में चुनौती पेश करने के लिए उतरेंगे




**नईदिल्ली, एजेंसी**

ओलंपिक चैंपियन भालाफेंक एथलीट नीरज चोपड़ा फिनलैंड के तुरकू में 18 जून को पावो नूरमी गेम्स 2024 में हिस्सा लेंगे। पावो नुरमी गेम्स 2022 में 89.30 मीटर के साथ करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रजत पदक जीतने वाले 26 वर्षीय नीरज चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीटिंग से सीजन की शुरुआत करेंगे। नीरज की नजरें 90 मीटर का मार्क पार करने पर है। इस प्रतियोगिता में नीरज को जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स देहिंग से कड़ी चुनौती मिलेगी, जो हाल ही में 90 मीटर के क्लब में शामिल हुए हैं।

# फुटबॉलः अंक तालिका में शीर्ष पर रहकर टीम बनीं चैंपियन

### पीएसजी ने रेकॉर्ड 12वीं बार जीता खिताब, 58 अंक संग मोनाको दूसरे नंबर पर



**पेरिस, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लगातार तीसरी बार और रेकॉर्ड 12वां बार फ्रेंच लीग-1 खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार रात खेले गए मुकाबले में अंकतालिका में दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको को लियोन के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। मोनाको की हार के साथ ही पीएसजी का चैंपियन बनना तय हो गया। हालांकि टूर्नामेंट में अभी तीन मैच बाकी है लेकिन यदि मोनाको सभी मैच जीत भी लेती है तो पीएसजी से आगे नहीं निकल पाएगी। ऐसे में पीएसजी तीन मैच पहले ही चैंपियन बन गई।

# वी सेंथिलकुमार ने बैच ओपन स्क्वैश खिताब जीता

**बेंगलुरु, एजेंसी**

राष्ट्रीय पुरुष स्क्वैश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मेलविल साइनिमैनिको को बैच ओपन चैलेंजर स्क्वैश के फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया। यह भारतीय वेलवन सेंथिलकुमार का आठवां पीएसए (प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन) खिताब था। बैच ओपन का आयोजन वैश्विक स्कवैश के शासी निकाय प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन और मेजबान देश फ्रेंच स्क्वैश फेडरेशन के साथ मिलकर 24-28 अप्रैल 2024 तक ज्यू डे पॉम, पेरिस, फ्रांस में किया गया था। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मेलविल साइनिमैनिको को सीधे सेटों में 11-6,11-9 और 11-9 से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में, सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज़ लिंग को



हराकर मेल्विल साइनिमैनिको के साथ खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की। स्क्वैश एक कोर्ट गेम है जो भारत में बहुत लोकप्रिय नहीं है। स्क्वैश को अभी तक ओलंपिक में शामिल नहीं किया गया है। हालाँकि, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने पहली बार लॉस एंजिल्स ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028 में स्क्वैश को शामिल करने का निर्णय लिया है। वहीं सौरव घोषाल सबसे प्रसिद्ध भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सर्किट से संन्यास की घोषणा की है। उन्होंने पेशेवर स्क्वैश सर्किट में भारत का नाम स्थापित किया। वह वैश्विक स्तर पर जूनियर नंबर 1 स्थान पाने वाले पहले भारतीय और पुरुष सीनियर एकल में विश्व के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में स्थान पाने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला स्क्वैश में दीपिका पल्लीकल सबसे प्रसिद्ध महिला खिलाड़ी हैं। वह मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी दिनेश कार्तिक की पत्नी हैं। दीपिका ने 11 पीएसए खिताब जीता है। वह शीर्ष 10 पीएसए महिला एकल रैंकिंग में स्थान पाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उनके नाम एशियाई खेलों में छह पदक जीतने का रिकॉर्ड है, जिसमें 2014 इंचियोन और 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में एकल में जीते कांस्य पदक शामिल हैं।



### मेट्रो बाजार

# ग्राहकों पर गैर-जरूरी सेवा व शुल्क नहीं थोप पाएंगी एयरलाइंस

### डीजीसीए ने कंपनियों के लिए जारी किया निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विमानन नियामक डीजीसीए ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। एयरलाइंस कंपनियां यात्रियों पर अब गैर-जरूरी सेवाएं नहीं थोप सकेंगी। यात्रियों को उन सेवाओं को चुनने का विकल्प मिलेगा, जिनका इस्तेमाल वे सफर के दौरान करना चाहते हैं। डीजीसीए ने एयरलाइंस को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। डीजीसीए ने पाया है कि यात्रियों को उन सेवाओं के लिए भुगतान करना पड़ता है, जिनकी उन्हें आवश्यकता ही नहीं है।




### अब पहले से ज्यादा किफायती होगी हवाई यात्रा

नए निर्देश के बाद यात्रियों को केवल उन्हीं सेवाओं का चयन करने की अनुमति मिलेगी, जो उनके लिए प्रासंगिक हैं। यात्री तय कर सकेंगे कि उन्हें कौन सी सुविधा चाहिए और कौन सी नहीं। इससे इससे फ्लाइट टिकट के बेस फेयर में कमी आएगी और किराया सस्ता हो सकेगा। दरअसल, यात्री किराए में एयरलाइंस कई सेवाओं का शुल्क जोड़ देती हैं। इससे बेस फेयर और अंतिम शुल्क में बड़ा अंतर आ जाता है। अब नए निर्देश से यात्रियों के लिए हवाई यात्रा कुछ किफायती हो सकती है। टिकट बुक किया गया हो और यात्री इसके शुल्क से अवगत हों। जब यात्री एयरलाइन काउंटर पर चेक-इन के लिए सामान लेकर आता है तो टिकट पर यह फीस भी प्रिंट करनी पड़ेगी।

# मर्सिडीज-बेंज कूपे का फेसलिफ्ट लॉन्च, माइल्ड-हाइब्रिड इंजन के साथ 250 किमी की टॉप स्पीड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लग्जरी कार बनाने वाली मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भारत में मर्सिडीज-बेंज और 53 कूपे का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च कर दिया है। 53 कूपे माइल्ड हाइब्रिड इंजन के साथ आएगी। ये कार 250 की टॉप स्पीड हासिल कर सकती है। वहीं, मर्सिडीज-बेंज को पेट्रोल और डीजल इंजन के साथ पेश किया गया है। कंपनी ने दोनों कार में कॉस्मेटिक अपडेट किए हैं। नई मर्सिडीज-बेंज तीन वैरिएंट- 200, मैटिक और मैटिक लाइन में आएगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 50.50 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप एंड वैरिएंट में 56.90 लाख रुपए तक जाती है।



वहीं, 53 कूपे को सिंगल वैरिएंट में पेश किया गया है, लेकिन इसमें कस्टमाइजेशन का ऑप्शन मिलता है। इसकी एक्स-शोरूम प्राइस 1.85 करोड़ रुपए रखी गई है। इंडियन मार्केट में 2024 मर्सिडीज बेंज का मुकाबला ऑडी से रहेगा। यह गाड़ी मिनी कूपर कंट्रीमैन के मुकाबले ज्यादा सस्ता ऑप्शन है। वहीं, मर्सिडीज 53 कूपे का मुकाबला पोर्श केयेन कूपे और रूसे है। स्पोर्टियर फेसलिफ्ट मॉडल के फ्रंट में और फ्रंट बंपर के लोअर पोर्शन को अपडेट्स किया गया है। इसके अलावा बॉडी स्टाइल वाली कार के डिजाइन में छोटे-मोटे बदलाव भी किए हैं, इसके बोनट पर अब मर्सिडीज बेंज के स्टार के बजाए एंब्लम दिया गया है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### एक बार फिर साथ नजर आएंगे अजय और तब्बू

# 'औरों में कहां...' 5 जुलाई को होगी रिलीज



बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' कुछ दिनों पहले रिलीज हुई थी। फिल्म समीक्षकों और दर्शकों से बेहतरीन रिव्यू मिलने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिक नहीं पाई. इस फिल्म के लिए घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना लगभग असंभव था। 'मैदान' की असफलता के बाद अब मेकर्स ने अजय देवगन और तब्बू की नई फिल्म 'औरों में कहां दम था' को रिलीज करने का फैसला किया है। यह फिल्म जुलाई में रिलीज होगी। नीरज पांडे के डायरेक्शन में बन रही अजय देवगन और तब्बू स्टारर 'औरों में कहां दम था' इसी साल 5 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह फिल्म अजय देवगन की बेस्ट ओपनर की लिस्ट में शामिल हो पाती है या नहीं? इस फिल्म का लोग काफी समय से इंतजार कर रहे थे। इस फिल्म में अजय देवगन और तब्बू की हिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आएगी। फिल्म 'औरों में कहां दम था' में अजय देवगन और तब्बू के अलावा सई मांजरेकर, जिमी शेरगिल और शांतनु माहेश्वरी समेत कई कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक ने संयुक्त रूप से किया है। मैदान से पहले अजय देवगन फिल्म 'शैतान' में नजर आए थे। 'औरों में कहां दम था' अजय देवगन की तीसरी फिल्म है, जो इसी साल रिलीज होगी।

# 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' में दिखेगा सेन का राउडी अंदाज

निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम शुरू किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म लेकर आए हैं इसका टीजर जारी कर दिया है। जिसमें लंकला के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। डायलॉग दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला गांवों के गरीबी से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है।

# कंगना पर आरोपों की बौछार करने के बाद बदले अध्ययन सुमन के सुर बोले, 'वह राजनीति में भी अच्छा करेंगी...'



संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' की चर्चा इस समय हर ओर हो रही है। जल्द ही इस शो की स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स पर शुरू होने वाली है। इसमें कई दिग्गज कलाकारों के साथ अध्ययन सुमन भी नजर आने वाले हैं। अभिनेता सीरीज का जोरों शोरों से प्रमोशन करते भी नजर आ रहे हैं। अब हाल ही में, अभिनेता कंगना को लेकर दिए अपने बयान को लेकर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। अभिनेता अध्ययन सुमन ने अपने हालिया इंटरव्यू में कंगना रणौत को राजनीति में कदम रखने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। बता दें कि अभिनेता का कंगना का साल 2008-2009 में कुछ महीनों तक रिश्ते में रहने के बाद उनका ब्रेकअप हो गया था। अब कंगना को लेकर अभिनेता के सुर बदलते नजर आए हैं और उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगी। हाल ही में लोकसभा चुनाव के लिए मंडी से भाजपा उम्मीदवार के रूप में राजनीति में शामिल हुईं कंगना के बारे में बात करते हुए अध्ययन ने कहा, फ़िलहाल तक कंगना रणौत और उनके जीवन का सवाल है और उनके राजनीतिक करियर का सवाल है, मुझे लगता है कि उन्होंने सच में अच्छा प्रदर्शन किया है। एक अभिनेता के रूप में उनके करियर के लिए और उनके राजनीतिक करियर के लिए भी उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मोहित सूरी की निर्देशित 'राज- द मिस्ट्री कंटीन्यूज' के सेट पर कंगना और अध्ययन की राहें शुरू में एक-दूसरे के करीब आईं थीं। हालांकि, लगभग आठ साल बाद 2017 में अध्ययन ने सार्वजनिक रूप से अपने ब्रेकअप को कंफर्म किया था। इस दौरान उन्होंने कंगना पर शारीरिक और



मानसिक शोषण का आरोप लगाया। 'हीरामंडी' की बात करें तो यह वेश्याओं की दुनिया पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, फरदीन खान जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकेगा। सीरीज में शेखर सुमन भी अहम किरदार में दिखने वाले हैं।

# बच्चों के खिलौने लेने गई रिसेप्शनिस्ट ने डॉक्टर के घर से चुराए दो लाख रुपए

## डॉक्टर दंपति के क्लीनिक में काम करती है युवती, रुपए बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बेरछा चौराहा पर डॉक्टर दंपति के घर से उनकी क्लीनिक की रिसेप्शनिस्ट ने दो लाख रुपए चुरा लिए। महिला डॉक्टर ने उसे बच्चों के खिलौने लाने के लिए घर भेजा था। वहां युवती ने अलमारी में रखे दो लाख रुपए निकाल लिए। बेडरूम में पड़ी अलमारी की चाबी से घटना का खुलासा हुआ। पूछताछ में रिसेप्शनिस्ट ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया है। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर युवती को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बेरछा चौराहा के पास मातृछाया अपार्टमेंट शाहपुरा निवासी डॉ. प्रशांत साहू (34) स्पीट थैरेपिस्ट हैं और होशंगाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी भी डॉक्टर हैं। पत्नी का क्लीनिक घर से थोड़ी दूरी पर ही है। अस्पताल से आने के बाद डॉ. प्रशांत साहू भी क्लीनिक में बैठते हैं। क्लीनिक में रूपा मिश्रा (24) रिसेप्शनिस्ट हैं। पुलिस ने बताया कि विगत 29 अप्रैल की रात प्रशांत साहू की पत्नी ने रूपा मिश्रा को घर के मेनगेट की चाबी देते हुए कहा कि घर से बच्चों के खिलौने ले आए। करीब 20 मिनट बाद रूपा मिश्रा खिलौने लेकर क्लीनिक आ गई। बाद में जब डॉक्टर दंपति घर पहुंचे तो उन्हें अलमारी से दो लाख रुपए नगद चोरी होने की जानकारी हुई। बेडरूम के बिस्तर पर ही उन्हें अलमारी की चाबी भी पड़ी मिली। हालांकि अलमारी में ताला नहीं लगा था। संदेह होने पर उन्होंने रूपा मिश्रा से पूछताछ की तो पहले तो रिसेप्शनिस्ट ने गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन जब पुलिस को सूचना देने की बात कही तो वह टूट गई। उसने रुपए चोरी करना कुबूल कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई थी। पुलिस ने आरोपी युवती के पास से रकम बरामद कर ली है। डॉक्टर दंपति ने बताया कि प्लाट के दो लाख रुपए उन्होंने अलमारी में रखे थे।



## ज्ञान गंगा स्कूल के हॉस्टल में दुष्कर्म का मामला पुलिस की भूमिका संदिग्ध, मां के आरोपों की जा रही जांच

# मां बोली, बच्ची को नहीं मिल रहा न्याय बच्ची से आरोपी की कराएं शिनाख्त तो हो जाएगा मामले का खुलासा

### एसआईटी का किया गठन, राष्ट्रीय बाल आयोग ने मांगी पांच दिन के अंदर रिपोर्ट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ज्ञान गंगा आर्किड दी इंटरनेशनल स्कूल के हॉस्टल में आठ साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी समेत तीन पर मिसरोद पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली गई, लेकिन पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस का कहना है कि मंगलवार रात तक सभी आरोपी पुलिस के संपर्क में थे।**

बुधवार सुबह मीडिया, बाल आयोग की टीम स्कूल और हॉस्टल पहुंची तो आरोपी फरार हो गए। बच्ची की मां का कहना है कि पुलिस ने मामले को दबाने का भरपूर प्रयास किया है। इसके विपरित पुलिस का कहना है कि बच्ची की मां के थाने पहुंचने के बाद पूछताछ की गई और एफआईआर दर्ज कर ली गई। मामले में अरेरा हिल्स के सब इंस्पेक्टर प्रकाश राजपूत की भूमिका संदिग्ध होने के कारण उन्हें लाइन अटैच कर दिया गया है। अपने बिग?ल रवैया के कारण एसआई प्रकाश राजपूत पूर्व में भी सुर्खियों में रह चुके हैं। एफआईआर में देरी होने के कारण मिसरोद पुलिस पर भी गाज गिर सकती है।

उल्लेखनीय है कि आठ साल की बच्ची मूलत-इंदौर की रहने वाली है। उसके पिता व्यवसायी है और मां गृहणी हैं। मां ने मिसरोद थाने में शिकायत करते हुए बताया था कि रविवार को उन्होंने बेटी को कॉल किया था। इस दौरान वार्डन के मोबाइल पर बातचीत हुई तो बेटी ने बताया कि उसके प्राइवेट पार्ट में दर्द है। उसके साथी नींद में एक अंकल ने गंदी हरकत की है। जबकि दूसरे अंकल कुछ दूरी पर खड़े थे।

### प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की पुष्टि

सोमवार को मां इंदौर से भोपाल पहुंची और बेटी को लेकर जय प्रकाश अस्पताल गई थी। जय प्रकाश अस्पताल में बच्ची का चेकअप हुआ तो पता चला कि उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ हुई है। इसके बाद मां शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। थाने में पुलिस ने दो घंटे बाद एफआईआर की और आरोपियों के नाम बताने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर नहीं हुई। बल्कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बलात्कार और पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर की गई। बुधवार को कोर्ट में बच्ची के 164 के बयान हो गए है। बयान अभी बंद लिफाफे हैं।

### नहीं की नामजद एफआईआर

बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना पर मां ने मिसरोद पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मां का कहना है कि बच्ची को न्याय नहीं मिला है। उनकी बच्ची के साथ हैवानियत हुई है और पुलिस दो दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार कर नहीं कर सकी। पुलिस जांच का हवाला देती रही और आरोपी भागने में कामयाब हो गए। मां का आरोप है कि उन्होंने आरोपियों के नाम से एफआईआर की थी, लेकिन पुलिस ने किसी के भी नाम नहीं लिखे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज करते हुए खानापूर्ति कर ली।

### 5 दिन के अंदर बाल संरक्षण आयोग ने मांगा जवाब

इस गंभीर मामले में राष्ट्रीय बाल आयोग ने संज्ञान ले लिया है। बाल आयोग ने कहा कि बच्ची पहचान छिपाकर कार्रवाई की जाए और पांच दिन के अंदर रिपोर्ट पेश की जाए। बाल आयोग की टीम बुधवार को हॉस्टल पहुंची थी। वहां कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई।

## प्रयागराज एक्स. में सफर कर रही महिला का हैंडबैग छीनकर भागे बदमाश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रयागराज एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला का हैंडबैग छीनकर बदमाश भाग निकला। घटना निशातपुरा डी केबिने के पास सुबह करीब सवा छह बजे हुई। महिला स्टेशन नजदीक आने पर ट्रेन से उतरने की तैयारी कर रही थी। वह अपना सामान लेकर गेट के पास आकर बैठी थी, तभी बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जीआरपी के मुताबिक भोपाल निवासी हर्षा चोटरानी पिछले दिनों प्रयागराज एक्सप्रेस में खजुराहो से बैरागढ़ भोपाल की यात्रा कर रही थी। सुबह करीब सवा छह बजे ट्रेन डी केबिन निशातपुरा के पास धीमी रफ्तार में चल रही थी। हर्षा ने अपना सामान समेटा और गेट के पास आकर एक सीट पर बैठकर बैरागढ़ स्टेशन आने का इंतजार करने लगी। इस बीच एक अज्ञात युवक पहुंचा और उनका हैंडबैग छीनकर भाग निकला। बैग में 70 हजार रुपए कीमत का एप्पल कंपनी का आईफोन, सोने की चैन, सोने की रिंग, गणेशजी की मूर्ति, डेढ़ हजार रुपये नकदी, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड समेत करीब 1 लाख 10 हजार का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### महिला के बैग से लेडीज पर्स चोरी

सागर निवासी ताहिरा बी पिछले दिनों ट्रेन से यात्रा कर भोपाल पहुंची थी। रात होने के कारण वह प्लेटफार्म क्रमांक-6 स्थित मुसाफिरखाना के पास बैठ गई तो उन्हें नींद लग गई। इसी बीच किसी बदमाश ने उनके ब? बैग से एक लेडीज पर्स चोरी कर लिया। पर्स में सवा पांच हजार रुपये नकदी, सोने के जेवरात, आधार कार्ड, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, पासपोर्ट की छायाप्रति, दवाइयां समेत अन्य सामान रखा हुआ था।

### ट्रेन में चढ़ते समय जेब से चोरी हुआ पर्स

गुना निवासी दीपक जैन पिछले दिनों भोपाल बीना मेमो पैसेंजर से भोपाल से विदिशा की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के जनरल कोच में चढ़ते समय किसी ने उनकी पैंट की जेब में रखा पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 8 हजार रुपए नकद, पांच डेबिट कार्ड और तीन क्रेडिट कार्ड समेत अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे। जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### शालीमार एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी

भोपाल निवासी रामस्वरूप चौरसिया पिछले दिनों शालीमार एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर सागर से संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन पैंट की जेब में रखा था। बोगी के अंदर यात्रियों की काफी भीड़भाड़ थी। निशातपुरा यार्ड के पास किसी ने उनकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 9 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तालाब में डूबने से 73 साल के बुजुर्ग की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नेवरी गांव में तालाब में डूबने से 73 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन से पूछताछ की जाएगी। प्रारंभिक जांच में मामला हादसे से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस अलग अलग पहलुओं पर जांच कर रही है। एसआई करण सिंह डेलमिया ने बताया कि भंवरलाल यादव (73) नेवरी गांव, निशातपुरा में रहते थे। कल बुधवार रात वह अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में गिर गए। परिजन उन्हें तालाब से निकालकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि अनुमान है कि वह शौच के लिए गए थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

## युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति नगर में आपे चालक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण सामने नहीं आ सके है। परिजन के बयान दर्ज होने के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट होने की उम्मीद है। पुलिस के अनुसार इंद्रराज प्रजापति पिता लोचन सिंह प्रजापति (20) शिव शक्ति नगर छोला में रहता था और आपे चलाता था। कल सुबह करीब 11 बजे के आसपास उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। उल्टियां करने पर परिजन उसे बायपास स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।

**मेट्रो एंकर** वाटर सप्लायर के सूने मकान की टावर पर बनी छत हटाकर घुसे बदमाश

# टॉवर की छत उखाड़कर घुसे बदमाश, 70 हजार नगदी समेत जेवरात चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित न्यू राजीव नगर में वाटर सप्लायर के सूने मकान की टावर पर बनी छत हटाकर घुसे बदमाशों ने सत्तर हजार रुपए की नगदी समेत जेवरात चुरा लिए। घटना के समय वाटर सप्लायर परिवार के साथ अपने गांव बांगरोद रतलाम गए हुए थे। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**



पुलिस के अनुसार संजू मालवीय पिता स्वर्गीय गोविंद मालवीय (48) मकान नंबर-29 न्यू राजीव नगर, अशोका गार्डन में रहते हैं और वाटर सफ्लायर का काम करते हैं। गत 27 मार्च को वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ साढे 12 बजे गांव बांगरोद, जिला रतलाम के लिए निकल गए। बुधवार सुबह करीब सवा 6 बजे उनके पड़ोसी पुष्पेन्द्र मिश्रा ने मोबाइल पर बातया कि तुम्हारे मकान की छत पर बनी टावर की चादर उखड़ी हुई है और घर के दरवाजे खुले है। वे रतलाम से भोपाल अपने घर पहुंचे तो पता चला कि मेन गेट खुला था अन्दर जाकर देखा तो सभी कमरों के गेट खुले थे तथा कमरों में सामान बिखरा पडा था गोदरेज आदि खुली हुई थी। छत पर बने कमरे का भी ताला टूटा था। बदमाश ऊपर वाले कमरे में अलमारी में रखे 70 हजार रुपए की नगदी और सोने चांदी का सामान नहीं था।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022